# लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को संवेदकों ने विभिन्न समस्याओं के बारे में अवगत कराया

**कोटा,** (निसं)। यूनाइटेड कॉन्ट्रेक्टर्स एसोसिएशन राजस्थान द्वारा पीडब्लूडी संवेदकों को आ रही समस्याओं को लेकर ज्ञापन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपा गया।

एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष सुनील गर्ग ने बताया कि हमारे द्वारा आपके अधीनस्थ शासन सचिवों एवं विभाग के उच्च अधिकारियों को समस्याओं से अवगत करवाते हुए उनका उचित निस्तारण के लिए कई बार ज्ञापन देकर निवेदन किया गया, सरकार को भी कई बार ज्ञापन सौपे गए परन्तु आज तक हमारी मांगों एवं समस्याओं का समाधान नहीं किया गया है। गत वर्ष भी राजस्थान राज्य के सार्वजनिक निर्माण विभाग के ठेकेदारों द्वारा लगभग 6 महीने तक निविदाओं के बहिष्कार के बाद प्रमुख शासन सचिव की अध्यक्षता में मुख्य अभियन्ता अतिरिक्त सचिव एवं यूनाईटेड कॉन्ट्रेक्टर्स एसोसिऐशन राजस्थान के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधि मण्डल की उपस्थिति में दिनांक 20.04.2023 को आयोजित बैठक जिसमें 16 सूत्रीय मांगों पर लिखित में समझौता हुआ। समझौते के तहत मांगों का एक महीने के अंदर समाधान करने का वचन दिया गया था, इस पर हम संवेदकों द्वारा राज्यव्यापी निविदाओं का बहिष्कार वापस लेकर हड़ताल समाप्त की गई। सरकार द्वारा सवेदक संगठन के साथ में वार्ता के नतीजन समझौता पत्र के अनुसरण में कुछ आदेश/परिपत्र जारी किए गए है, परन्तु उनकी भी अच्छी तरह से पालना नहीं हो पा रही है। जायज मांगें एवं इन गंभीर व ज्वंलत मुद्दों पर विचार कर सीधे हस्तक्षेप करके सुलह, समाधान और विकास मार्ग प्रशस्त कर संवेदकों को राहत एवं न्याय प्रदान करने की मांग की है। इस अवसर पर रमेश शर्मा, ओम प्रकाश मालवीय, लोकेन्द्र सिंह सौलंकी, राजेन्द्र सिंह, मुकेश शर्मा, प्रमेन्द्र बना, हरीश कश्यप, दिनेश केदावत, शुभम अग्रवाल, सुरेश गुप्ता, अशोक शर्मा, अरुण जैन, पवन हाड़ा सहित कई संवेदक उपस्थित रहे।



कोटा में पीडब्ल्यूडी सवेदकों ने लोकसभा अध्यक्ष को ज्ञापन सौंप कर मांगे बताई।

**संवेदकों की प्रमुख मांग व समस्याएं:-** ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि संवेदकों को जुलाई 2022 से पूर्व आंवटित निर्माण कार्यों एवं इससे पूर्व भरी हुई निविदाओं में सरकार द्वारा कानून में बदलाव की वजह से उत्पन्न जीएसटी की दर बढ़ोतरी 12 से 18 प्रतिशत करने से अंतर की राशि का पुर्नभरण किया जाए। सेड्यूल ऑफ पावर को रिवाइज किया जाकर प्रकरणों के निपटारे हेतु समक्षता स्तर एवं अधिकारिता मध्य-की तर्ज पर अधीक्षण अभियन्ता के स्तर के अधिकारी को दी जाए। 20 एमएम पीएमसी से डामर की परत विछाकर जो सड़क निर्माण कार्य करवाया जाता है और उन पर मल्टीएक्सल भारी वाहनों का आवागमन रहता है उनका डीएलपी समय एक वर्ष किया जाए। अन्य निर्माण कार्यों में वर्ष 2012 के सरकार के समझौते के अनुरूप 3 वर्ष किया जावें। एवं 50 लाख तक के कार्यों को डीएलपी से मुक्त रखा जावें। विभाग द्वारा धरोहर राशि ईएमडी ई-ग्रास चालान द्वारा जमा कराये जाने की बजाय डीडी या बीजी के रूप में लिया जाये ताकि असफल संवेदकों को ईएमडी की राशि पुनः प्राप्त करने के लिए ट्रेजरी में न जाना पड़ें। संवेदकों के पंजीयन का प्रति 2 वर्ष के अंतराल में नवीनीकरण व्यवस्था अव्यावारिक होने के कारण इसको समाप्त किया जावें। अतिवृष्टि से निर्माण कार्यों को पहुँचे नुकसान को डीएलपी से मुक्त किया जाए। सरकारी संवेदकों के वेलफेयर एवं अधिकारी की रक्षा के लिए राज्य स्तर पर एक स्वतंत्र आयोग का गठन किया जायें। प्रत्येक संभाग मुख्यालय पर सुशासन के लिहाज से मुख्य अभियन्ता का पद सृजित किया जाएं।

कार्यों के भुगतान कई दिनों तक अटके रहने की ईसीएस व्यवस्था को समाप्त कर सीधे विभाग को या जिला कोष कार्यालय (ट्रेजरी) को अधिकार दिया जाए। बजट की उपलब्धता सुनिश्चित करके ही निविदाएं आमंत्रित की जायें। संवेदकों की विभिन्न श्रेणियों के लिए पंजीयन के लिए बढ़ाई हुई शुल्क को समाप्त कर पूर्ववर्ति रखा जाए। सरकार के साथ हुए समझौते के अनुरूप निविदाओं में जीएसटी प्रत्यक्ष से जोडकर अनुसूची-जी में दशार्या जाए। ऐसी कई मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

# मादक पदार्थ गांजा सहित दो आरोपी गिरफ्तार




पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित दो आरोपियों को गिरफ्त में लिया।

**कोटा,** (निसं)। शहर के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। शहर के नयापुरा थाना इलाके में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए मादक पदार्थ गांजा सहित आरोपी को पकड़ा। नयापुरा थाने के थानाधिकारी लक्ष्मीचंद ने बताया कि गश्त के दौरान चंबल किनारे मुक्तिधाम के समीप कार्यवाही करते हुए नेहरू कॉलोनी निवासी अरबाज उर्फ चिंटु (27) को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध मादक पदार्थ 550 ग्राम गांजा एवं एक तेज धारदार चाकू बरामद किया।

वहीं दूसरी तरफ विज्ञान नगर इलाके मे पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित आरोपी को गिरफ्तार किया। विज्ञान नगर थानाधिकारी मुकेश कुमार मीणा ने बताया कि मादक पदार्थ तस्करी के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए नारकोटिक्स ऑफिस के पीछे निवासी रोहित सिंह राणा (27) को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक किलो 300 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया।

## सार-समाचार

### कांग्रेस के विकास कार्यों, पर्यटन स्थलों का रखरखाव भी नहीं कर पा रही बीजेपी सरकार

**कोटा,** (निसं)। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी द्वारा कोटा की खराब सड़कों पर कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराने वाले बयान पर पलटवार करते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने कोटा क्या पूरे राजस्थान की सड़कों को चमन किया और कोटा में यूडीएच मंत्री रहे शान्ति धारिवाल ने कोटा की विश्व मे पर्यटक स्थल के रूप में पहचान बनाई यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने जो विकास किया एवं कोटा को पर्यटक के रूप में पहचान बनायी चाहे रिवीरफ्रन्ट हो, ऑक्सीजौन, सेवन वंडर, अंडर बाईपास बनाकर, फ्लाईओवर ट्रैफिक लाईट फ्री चौड़ी सड़के बनवाई इनका बीजेपी सरकार और बड़े-बड़े नेता रखरखाव भी नही कर पा रहे है और द्वेषारोपण कांग्रेस को देकर पल्ला झाड़ रहे है रविन्द्र त्यागी ने कहा कि इतने विकास की तारीफ तो दूर द्वेषारोपण करने से नही चूक रहे है कोटा की जनता सब जानती है कि विकास कार्य एवं पर्यटक स्थल रूप में कोटा की पहचान किसकी देन है त्यागी ने कहा कि यह रिवर फ्रंट पर्यटक रथल किसकी देन है कांग्रेस सरकार ने सड़के चमन की उनकी ठीक प्रकार से बीजेपी रखरखाव भी नही कर पा रही है उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विकास कार्यो, पर्यटन स्थल की एकबार भी तारीफ नही की जबकि हेमामालिनी, राज्यपाल कलराज मिश्र, देश-विदेश से जानेमाने कलाकारों ने रिवर फ्रिन्ट की सार्वजनिक तारीफ की दियाकुमारी को इनसे सीख लेनी चाहिए थी त्यागी ने कहा कि कोटा में लाखों की संख्या में पर्यटक पर्यटक स्थल को देख चुके है।

### खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज

**रामगंजमण्डी**(निसं)। गादिया गांव में अखिल भारतीय श्री धाकड महासभा के तत्वाधान में 04 जनवरी शनिवार को खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज हुआ। आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हीरालाल धाकड़ जिला अध्यक्ष रामकिशन धाकड़ अध्यक्ष कर्मचारी 80 गांव शिव सिंह धाकड़ युवा जिला अध्यक्ष भगवान सिंह धाकड़ 80 गांव पूर्व अध्यक्ष दौलत राम धाकड पूर्व 80 गांव अध्यक्ष तुलसीराम धाकड़ अध्यक्ष पूर्व कर्मचारी 80 गांव प्रहलाद नागर पूर्व जिला अध्यक्ष कर्मचारी संघ सुरेंद्र धाकड़ फ्रेंड्स क्लब अध्यक्ष, राधेश्याम एएसआई ढाबला व भगवान धाकड़ पूर्व प्रधान के सानिध्य में धरणीधर भगवान एवं सरस्वती पूजन के साथ हुआ। इस अवसर पर सभी का अभिनंदन किया गया। आयोजक समिति अध्यक्ष जानकी लाल धाकड़ ने स्वागत भाषण पड़ा। टीम परिचय के साथ खेल ध्वज फहराकर बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर आज यहां कबड्डी जूनियर कबड्डी सीनियर खो-खो बालिका, रस्साकस्सी महिला पुरुष, नींबू दौड लंबी कूद, 100 मीटर दौड़, 400 मीटर बाधा दौड आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।शनिवार से शुभारंभ इस कार्यक्रम का समापन प्रतिभा सम्मान समारोह 06 जनवरी सोम को होगा।जिसमें मुख्य अतिथि हीरालाल धाकड़ ऊर्जा मंत्री राजस्थान सरकार तथा अध्यक्षता राष्ट्रीय महिला महासभा श्रीमती मोना सुस्तानी करेगी।कार्यक्रम का संचालन प्रहलाद नागर मिश्रौली द्वारा किया गया। यह जानकारी खेलकूद आयोजन समिति सदस्य फूलचंद नागर द्वारा दी गई।

### सुप्रीम कोर्ट के सीनियर एडवोकेट महमूद प्राचा आज कोटा में

**कोटा,** (निसं)। लोकतंत्र बचाओं आन्दोलन समिति कोटा के तत्वावधान में रविवार को शोपिंग सेंटर स्थित लाजपतराय भवन (पंजाब सभा) में दोपहर 1 बजे से संविधान की रक्षा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा सभी धर्मों और जातियों के सामान अधिकार के लिए मजबूती से आवाज़ उठाने वाले सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ एडवोकेट महमूद प्राचा लोकतंत्र पर बढ़ते खतरे और समाधान विषय पर व्याख्यान देंगे। आयोजन सचिव रुपेश चड्डा ने बताया कि महमूद प्राचा मिशन सेव कोंस्टीट्यूशन के संस्थापक तथा राष्ट्रीय कन्वीनर हैं। समिति के अध्यक्ष अजय चतुर्वेदी ने बताया कि लोकतंत्र पर बढ़ते खतरे और सरकारी हिटलरशाही के खिलाफ लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से इस सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है जिसमे नागरिकों के पास मौजूद शक्तियों तथा उनकी जनसहभागिता पर चर्चा की जाएगी. सचिव यशवंत सिंह चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम में लोकतान्त्रिक मूल्यों में आस्था रखने वाले शहर के सभी प्रबुद्धजनों, विभिन्न लोकतान्त्रिक संगठनों के पदाधिकारियों तथा आम नागरिकों को आमंत्रित किया गया है।

### आवासीय प्रशिक्षण का निरीक्षण किया

**बूंदी** (निसं)। राजकीय महाविद्यालय नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ समिति ने बडौदा ग्रामीण स्वरोजगार विकास संस्थान में विद्यार्थियों के कंप्यूटराइज्ड व अकाउंटिंग कोर्स के आवासीय प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। संस्थान के वित्तिय सलाहकार डॉक्टर डीबी काबरा ने बताया की राजकीय महाविद्यालय के साथ किए गए एमओयू के तहत इस कोर्स में महाविद्यालय के 13 विद्यार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। नवाचार प्रकोष्ठ की टीम ने संस्थान में विद्यार्थियों से रूबरू होकर फीडबैक लिया तथा संस्थान द्वारा उपलब्ध सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। नवाचार प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ दिलीप राठौड़ ने बताया कि राज्य सरकार के राइजिंग राजस्थान कार्यक्रम के तहत किए गए एमओयू के अंतर्गत विद्यार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रशिक्षण के पश्चात अपने कौशल के अनुरूप स्वयं के रोजगार को स्थापित कर सकेंगे। टीम ने यहां की सुविधाओं को देखा तथा विद्यार्थियों के सुझाव व अनुभव भी प्राप्त किये। इस अवसर पर समिति सदस्य मेघा गुप्ता, प्रशिक्षक नरेश मौजूद रहे।

# स्वर्णकार समाज के चुनाव संपन्न

**छबड़ा** (निसं)। जिला मेड क्षित्रय स्वर्णकार हितेषी समाज संस्थान बारां के चुनाव यहां संपन्न हुए। मंचासीन अतिथियों में मोहनलाल सोनी काका, मांगीलाल, राम प्रसाद, दामोदर सोनी, बालकृष्ण, बाबूलाल बंजारा, बंशीलाल एवं मोहनलाल नदीपाड़ा वाले शामिल रहे। जिला महामंत्री नरेंद्र सोनी के अनुसार चुनाव अधिकारी मांगीलाल सोनी व रामप्रसाद सोनी अटरू की देखरेख में सम्पन्न हुए चुनाव में त्रिलोक सोनी को जिलाध्यक्ष एवं ओम सोनी मधुर को जिला कोषाध्यक्ष के पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। निर्वाचन अधिकारी द्वारा शपथ दिलवाकर पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। यहां अभी तक के कार्यकाल का प्रगति रिपोर्ट एवं संस्थान का आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया एवं समाज के विकास के बारे में योजना बनाने एवं नवीन कार्यकारिणी घोषित करने पर चर्चा हुई।

# सप्तम हाड़ौती गौरव सम्मान आज, संभाग भर की 101 प्रतिभाएं सम्मानित होंगी

**कोटा,** (निसं)। न्यू कोटा इंटरनेशनल सोसाइटी के तत्वाधान में रविवार को सप्तम हाड़ौती गौरव सम्मान में संभाग भर की 101 प्रतिभाओं जिसमें कई आईएएस, आईपीएस, आरएएस, आरजेएस, समाजसेवी अधिकारी कर्मचारी एवं संस्थाओं को सम्मानित किया जायेगा।

कार्यक्रम संयोजक के.के.शर्मा कमल, संभागीय संयोजक महेश गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2018 से प्रारंभ किए गए हाड़ौती गौरव सम्मान कार्यक्रम का इस वर्ष सप्तम कार्यक्रम है जिसमें हाडोती क्षेत्र के कोटा बूंदी बारां तथा झालावाड़ जिले की विभिन्न क्षेत्रों की ख्यातनाम एवं हाड़ौती का मान बढ़ाने नवाचार करने पर शिक्षा चिकित्सा स्वास्थ्य पर्यावरण समाज सेवा करने वाली प्रतिभाओं का रविवार को शिव ज्योति कॉन्वेंट स्कूल सभागार श्रीनाथपुरम-डी में हाड़ौती गौरव सम्मान 2025 से सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि हाड़ौती संभाग के कई आईएएस, आईपीएस, देश के विभिन्न राज्यों में प्रतिस्थापित है और उन्होंने हाड़ौती का मान बढ़ाया है वही आरएएस, आरजेएस, में भी हाड़ौती की प्रतिभाओं ने अपना वर्चस्व दिखाते हुए स्थापित किया है।

वहीं कई अधिकारियों कर्मचारियों समाजसेवियों ने संभाग की विभिन्न समय में अपनी उपादेयता सिद्ध कर हाड़ौती के विकास में योगदान दिया है, ऐसी प्रतिभाओं का हाड़ौती गौरव से सम्मान किया जावेगा। न्यू कोटा इंटरनेशनल सोसाइटी के अध्यक्ष श्रीमती अंजू शर्मा ने बताया कि कोटा जिला संयोजक डॉ.अमित व्यास, बूंदी जिला संयोजक भरत शर्मा, बारां जिला संयोजक श्यामलाल मेहता तथा झालावाड़ जिला संयोजक ईश्वर शर्मा के माध्यम से जिलों की प्रतिभाओं का आवेदन एवं चयन किया गया और उसके बाद विभिन्न क्षेत्रों की 101 प्रतिभाओं के नाम चयनित किए गए जिनका सम्मान रविवार को किया जाएगा।

अध्यक्ष शर्मा ने बताया कि रविवार को दोपहर 2.00 बजे शिव ज्योति कॉन्वेंट स्कूल ऑडिटोरियम श्रीनाथपुरम-डी कोटा में आयोजित हाडोती गौरव सम्मान 2025 में प्रतिभाओं का सम्मान किया जावेगा इस अवसर पर कई जनप्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारी पुलिस अधिकारी उपस्थित रहकर प्रतिभाओं को सम्मानित करेंगे।

# बेबी किट, देशी घी का वितरण, गायों को हरा चारा खिलाया

**कोटा,** (निसं)। मिथिलेश कुमारी यादव की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर शनिवार को शहर में कई धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के तहत जेके लोन चिकित्सालय के जच्चा बच्चा वार्ड में 101 गर्म कपड़े बेबी सेट वितरित किए गए। वरिष्ठ फिजिशियन डॉ.राजेश सागर ने बताया कि मिथिलेश यादव की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर सेवा कार्य किए गए। इन सेवा कार्यों के तहत मंदिर में पूजा अर्चना, गायों को चारा एवं जेके लोन चिकित्सालय में सेवा कार्य करते हुए बच्चों को कपड़े एवं महिलाओं को शॉल एवं कंबल वितरण किए गए। इस अवसर पर उनके द्वारा किए गए सेवा कार्यों पर भी प्रकाश डाला गया। डॉ.राजेश सागर ने कहा कि मिथिलेश कुमारी यादव का दुर्घटना में आकस्मिक निधन हो गया था, वह निरंतर सेवा कार्य करती चली आ रही थी, जिसमें गोपाल मिल स्कूल में निरंतर बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरण, सीडीओ पर रेलिंग लगवाना, स्कूल में आवश्यकता अनुसार वह निरंतर सेवा करती थी, उन्हीं की प्रेरणा से यह सेवा कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मिथलेश यादव लोगों के मन में जीवित रहें, उन्हें उनके द्वारा किए गए कार्यों के लिए याद किया जाता रहेगा। सेवा की प्रतिमूर्ति के रूप में सैकडों लोगों की वह मदद कर चुकी हैं। जेके लोग अधीक्षक डॉ.निर्मला शर्मा ने कहा कि सेवाभावी लोगों के कारण प्रसुताओं को लाभ मिलता है और अस्पताल को भी मदद मिलती हैं। इस अवसर पर कुशाग्र सागर, शकुंतला यादव, जितेन्द्र यादव, दीपिका यादव, नीरज, श्वेता यादव, देवेन्द्र, कमलेश, नंदनी, उर्मिला, नीलम, देवेन्द्र यादव, तनय, विनय, अर्जुन, अब्दुल हक, राम रतन सांवरिया, धनराज यादव, सहित कई चिकित्सक, नर्सिंग स्टॉफ, परिवार जन एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# नगर परिषद की टीम ने अतिक्रमण हटाए

**झालावाड़** (निसं)। शनिवार को, नगरपरिषद झालावाड़ की अतिक्रमण टीम द्वारा कालीदास कॉलोनी में अवैध रूप से सरकारी आम रास्ते पर किए अतिक्रमण को तोड दिया गया नगरपरिषद झालावाड की टीम द्वारा रास्ते के अतिक्रमण को हटाकर रास्ते को खुलवा दिया गया है जिससे अब पार्क एवं सड़क निर्माण कार्य पूर्ण हो सकेगा इस कार्यवाही से कॉलोनी वासियों में खुशी की लहर देखने को मिली है उक्त कार्यवाही में अतिक्रमण निरीक्षक चन्द्रशेखर, अतिक्रमण दस्ते के सभी सदस्य, एवं कार्यवाहक स्वा. निरीक्षक राजेश सरसिया सुनील जमादार तंवर सिंह, लखन संगत आदि मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### जरूरतमंदों को 100 कंबल बांटे

**कोटा,** (निसं)। रोटरी क्लब कोटा नॉर्थ द्वारा प्रायोजित इंटरेक्ट क्लब सिल्वर बैल्स स्कूल के सदस्यों द्वारा ठंड से बचाव हेतु 100 कंबल वितरित किए गए। रोटरी क्लब कोटा नॉर्थ के अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि रोटरी क्लब कोटा नॉर्थ द्वारा प्रायोजित इंटरेक्ट क्लब सिल्वर बैल्स स्कूल के सदस्यों ने ठंड से बचाव के लिए जरूरतमंद लोगों को 100 कंबल, स्वेटर एवं खाद्य सामग्री वितरित की। सुरेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि इंटरेक्ट क्लब सिल्वर बैल्स स्कूल के सदस्य रोटरी की भावना से प्रेरित होकर इस प्रकार के सामाजिक सरोकार के कार्यों में बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभाते आ रहे हैं। सुरेन्द्र अग्रवाल ने इंटरेक्ट क्लब अध्यक्ष आयुष गुर्जर, सचिव दिया मर्मट एवं सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। सोनिया सूद, स्कूल प्रबंधन एवं क्लब सदस्य विश्वनाथ सक्सैना को धन्यवाद दिया। अंत में सचिव गौरव सूद ने बताया कि स्कूल प्रबंधन इंटरेक्ट क्लब सिल्वर बैल्स स्कूल के सदस्यों द्वारा किए जा रहे सामाजिक सरोकार के कार्यों में हमेशा सहयोग एवं प्रेरित करता रहेगा एवं कार्यक्रम में सहयोग के लिए इंटरेक्ट क्लब के सभी सदस्यों, अभिभावकों, स्कूल प्रबंधन, एवं क्लब सदस्य विश्व नाथ सक्सैना को धन्यवाद दिया।

### पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**कोटा,** (निसं)। समर्पण बहुउद्देशीय विकास समिति के नववर्ष ने मिलन कार्यक्रम में शनिवार को पर्यावरण संरक्षण संकल्प लिया गया जिसमें शाहबाद में जंगल को बचाने के अभियान का पोस्टर समिति संरक्षक पूर्व महापौर सुमन श्रृंगी, संस्थापक आरएस कसेरा के सानिध्य में किया गया। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जंगल बचाने के लिए पोस्टकार्ड भी लिखें। महासचिव व डॉक्टर जगदीश शर्मा ने बताया कि इस संस्थापक अध्यक्ष आरएस कसेरा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भगवान सिंह जादौन मयंक ने कविता पाठ कर लोगों को सुसंस्कार अपने की सीख दी। इस अवसर पर विनोद गुप्ता ने भी काव्य पाठ किया। सुमन श्रृंगी ने कहा कि समाज में बालिका शिक्षा के लिए संस्था बेहतर काम कर रही है। संस्था पर्यावरण के लिए भी महत्वपूर्ण काम करती है। संस्थापक अध्यक्ष ने कहा कि सदस्यों को संस्था के सेवाभाव को धारण करते हुए इस समय दान करना चाहिए। संस्था के समन्वयक यज्ञदत्त हाडा ने नए सदस्यों से परिचय कराया। डॉक्टर संजय धाकड़, डॉ मुकेश दाधीच, सुधींद्र गौड़, विजय महेश्वरी, डॉक्टर अनामिका राठौड़, नेमीचंद शर्मा, शीला गौड़, मानद सदस्य पर्यावरणविद् बृजेश विजयवर्गीय ने पर्यावरण संरक्षण अभियान की जानकारी दी। संस्था की पदाधिकारी प्रीति जासू ने आगंतुकों का स्वागत किया। वरिष्ठ सदस्य महेश चतुर्वेदी ने आभार व्यक्त किया।

### छात्रा को स्कूटी मिली

**छबड़ा** (निसं)। अमरचंद राजकुमारी बरडिया जैन महाविद्यालय में बीए द्वितीय वर्ष में नियमित रूप से अध्यनरत छात्रा को कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय द्वारा कालीबाई भील मेधावी योजना के अंतर्गत स्कूटी प्रदान की गई।

# कार्यस्थल पर महिला सुरक्षा स्वस्थ समाज का प्रमुख संकेतक : कुलपति

- महिलाओं के कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण जागरुकता कार्यशाला हुई

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय कोटा के महिला उत्पीड़न समिति द्वारा महिलाओं के कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न से संरक्षण तथा निवारण पर विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं कार्यरत स्टॉफ व शिक्षकों के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में छात्रों व शिक्षकों ने भाग लिया। सह जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बाताया कि कार्यशाला का उद्देश्य कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम और इससे जुड़े न्यायिक अधिनियमों के बारे में हितधारकों के बीच जागरूकता पैदा करना था।

कार्यशाला में कार्यस्थल पर महिलाओं के सामने आने वाले उत्पीड़न तथा इससे निपटने के तरीकों के बारे में गहन चर्चा की गई। महिलाओं के प्रति नकारात्मक मानसिकता को बदलने के बारे में सुझाव भी दिए ताकि महिलाओं को संबंधित कानूनों तथा पालन की जाने वाली प्रक्रियाओं के बारे में जागरूकता उत्पन्न की जा सकें। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रोफेसर अरुण कुमार शर्मा एवं अधिवक्ता कल्पना शर्मा ने महिलाओं की कार्य स्थल पर सुरक्षा से संबंधित कानूनी जानकारियों से अवगत करवाया। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक प्रोफेसर मनीषा व्यास, डॉ.हरीश शर्मा, डॉ.लता गिडवानी एवं डॉ.सुनीता चाहर उपस्थित थी। कुलपति प्रोफेसर एसके सिंह ने अपने संदेश में कहा कि महिलाओं को संरक्षण प्रदान करने के लिए और कार्यस्थल पर उसके अधिकारों की रक्षा करने के लिए महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 अधिनियम लागू किया गया है। यौन उत्पीड़न और इन से जुड़े मुद्दों के निवारण में शैक्षणिक संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका हैं। कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न को समझना और उसका समाधान करना महिलाओं और लड़कियों के लिए सुरक्षित माहौल बनाने के लिए महत्वपूर्ण है। आज के समय में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और कार्यस्थल पर महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा के लिए हर कार्यस्थल पर हर व्यक्ति को अपनी व्यापक प्रतिबद्धता सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने कार्यस्थल पर महिलाओं को सुरक्षित महसूस करने पर जोर दिया, क्योंकि यह स्वस्थ समाज का प्रमुख संकेतक है, ताकि महिलाओं के सम्मान बुनियादी मानवाधिकारों, कुशलता, सुरक्षा और समग्र सशक्तिकरण सुनिश्चित किया जा सकें। डीन फैकल्टी अफेयर्स प्रोफेसर दिनेश बिड़ला ने अपने संबोधन में कहा कि आज महिलाएं पुरुषों से आगे निकलकर देश का नाम रोशन कर रही है।

महिलाओं को सम्मान, गरिमा और अधिकार के साथ समाज में रहने, किसी व्यवसाय, व्यापार या कार्य को करने की स्वतंत्रता हैं, सुरक्षित कार्य वातावरण का अधिकार एक मौलिक अधिकार है। प्रत्येक महिला चाहती है कि उसके साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाए। हमारे देश में महिलाओं के लिए सुरक्षित कार्यस्थल बनाने के उद्देश्य से विभिन्न विधिक प्रावधान किये गए है। दुर्भाग्य से कठोर कानूनों के लगभग एक दशक बाद भी, यौन उत्पीड़न के मामले महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए खतरा बने हुए हैं। उन्होंने जागरूकता पैदा करने और महिलाओं को आवाज उठाने और उनके खिलाफ होने वाले किसी भी उल्लंघन की शिकायत करने के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता को दोहराया। महिला उत्पीड़न समिति की अध्यक्ष प्रो.मनीषा व्यास ने कहा कि हम सभी का दायित्व है कि महिलाओं को कार्यस्थल पर पूरी तरह सुरक्षित वातावरण उपलब्ध हो। जिससे वे कार्यस्थल पर सहज अनुभव करें। कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष अधिनियम महिलाओं को समानता के मौलिक अधिकारों की पुष्टि करता है। कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न के कारणों को समझना कार्यस्थल पर उसे रोकने की दिशा में एक आवश्यक कदम हैं। देश में महिलाओं की सुरक्षा और संरक्षण के पर्याप्त विधिक प्रावधान हैं। उन्होंने यौन उत्पीड़न के विभिन्न प्रकारों के बारे में बताया तथा महिलाओं पर इस तरह के व्यवहार के प्रभाव के साथ-साथ स्वयं को शिक्षित करने की आवश्यकता पर बल दिया। सरकार विभिन्न विधिक प्रावधानों के तहत महिलाओं को कार्यक्षेत्र में सुरक्षित कर रही है ताकि महिलाएं पुरुषों के साथ निर्भीक होकर कंधे से कंधा मिलाकर बराबर कार्य करें, यह कानूनी जानकारी प्रत्येक कार्मिक के लिए आवश्यक है।

# जेसीआई कोटा स्टार का चुनरी महोत्सव आज

**कोटा,** (निसं)। जेसीआई कोटा स्टार की ओर से आयोजित चुनरी महोत्सव के लिए 100 सदस्यों का एक दल शनिवार को मथुरा के लिए रवाना हुआ। जिसको नगर निगम दक्षिण के प्रतिपक्ष नेता विवेक राजवंशी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सभी यात्रियों को माला व दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। अध्यक्ष तनुज खण्डेलवाल तथा चेयरपर्सन ऋतु खण्डेलवाल ने बताया कि महोत्सव के तहत् नववर्ष पर मथुरा के विश्राम घाट पर यमुना मैया को 1 हजार एक सौ मीटर लम्बी चुनरी ओढ़ाई जाएगी। सचिव राजकुमार मित्तल ने बताया कि सभी यात्री 11 नाव में सवार रहेंगे। जो यमुनाजी की 101 दीपक से महाआरती, 11 पंडितों से पूजन और दीपदान के साथ सुख समृद्धि की कामना की जाएगी। कार्यक्रम निदेशक अतुल डिम्पल जैन ने बताया कि महोत्सव से पूर्व शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें बैंड बाजे के साथ नाचते गाते हुए महिला-पुरुष चुनरी लेकर चलेंगे।


**नाम परिवर्तन**

पूर्व में मेरा नाम सुरेन्द्र कुमार कारपेन्टर था जिसे बदलकर मैंने सुरेन्द्र कुमार जांगिड रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे, निवासी-हाउस नं.-15, गणपति विहार, ओपेरा हॉस्पिटल के पास, रायपुरा, उद्योग पूरी, जिला-कोटा

**कार्यालय नगर पालिका रावतभाटा, जिला -चित्तौड़गढ़ (राज.)**

क्रमांक/नपारा/भूमि/2024-25/4699 सार्वजनिक आपत्ति सूचना दिनांक:-18.12.24

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदनकर्ता श्रीमती रानू पत्नी श्री गगन निवासी बडोदिया तहसील रावतभाटा जिला चित्तौडगढ़ (राज.) द्वारा इस कार्यालय में ऑनलाईन आवेदन पत्र मय शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगर पालिका रावतभाटा के श्रीगणेश नगर आवासीय योजना रावतभाटा के आवासीय भूखंड संख्या 143 श्रेणी (अ) साईज 25x50 क्षेत्रफल 1250 वर्गफीट अर्थात 116.17 वर्गमीटर के स्वामित्व संबंधी व अन्य वांछित दस्तावेजों की प्रतियों को ऑनलाईन अपलोड करवाकर इस भूखंड पर आवासीय भवन निर्माण स्वीकृति व नक्शानुमोदन हेतु आवेदन मय प्रस्तावित भवन निर्माण के नक्शों की प्रतियों सहित प्रभावी मॉडल राजस्थान भवन विनियम 2020 के प्रावधानों के तहत निर्माण स्वीकृति एवं नक्शानुमोदन बाबत प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त प्राप्त आवेदन से संबंधित प्रस्तावित कार्यवाही को पालिका द्वारा आवेदक के पक्ष में निष्पादित किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति/फर्म/विभाग/संस्था को उक्त कार्यवाही पर कोई उजर या आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर इस कार्यालय में मय साक्ष्य/सबूत के प्रस्तुत कर सकते है, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात कोई भी उजरदारी या आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित रहे।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका रावतभाटा